प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में फोटोग्राफी वर्कशॉप का आयोजन

पंतनगर। 02 नवम्बर 2021। विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सेंटर (नाहेप भवन) में विद्यार्थियों के लिए हायर ऑर्डर कोगनिटिव स्किल को बढ़ावा देने के लिए पूरे वर्ष विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहा है, इसी संदर्भ में एक फोटोग्राफी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को फोटोग्राफी कॉपोज़िशन और लाइट कैप्चर करने की कला सिखाई गई तथा विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के विभिन्न स्थानों की तस्वीरें खींचने का प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यशाला के अन्त में सभी विद्यार्थियों ने अपने चित्रों के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किये। इस कार्यशाला में 70 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक, गृह विज्ञान, डा. रागिनी मिश्रा; निदेशक, आर्किटेक्ट एवं प्रोडक्ट डिजाइनर, आरोहना मैनेजमेंट सॉल्यूशन्स, सुश्री स्नेहा कश्यप एवं फोटोग्राफर, नाहेप, श्री अनुराग कुमार प्रतियोगिता में जज़ के रूप में उपस्थित थे। परियोजनाधिकारी, आई.डी.पी.–नाहेप, डा. शिवेन्द्र कुमार कश्यप, ने अपने अनुभवों का साझा करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के रचनात्मक कौशल का विकास करना था। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय से श्री साई कुमार बानोथ, मत्स्य पालन महाविद्यालय से सुश्री आकृति अधिकारी एवं श्री कृषि महाविद्यालय से देवांशु कुमार, ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्राप्त किये।

कार्यशाला में तस्वीरों की बारिकी को सीखते प्रतिभागी।